Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

◘ वर्ष- 28 ◘ अंक- 33 ◘ रायपुर, मंगलवार 25 फरवरी 2025 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

### सदन में उठा गृह निर्माण सहकारी समिति का मामला

## मूणत ने कहा- बिना पैसे लिए नहीं मिलता एनओसी



**रायपुर, 25 फरवरी (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन गृह निर्माण सहकारी समितियों के बायलॉज में संशोधन का मामला उठा. भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कहा कि सहकारी सोसायटी आज भी एनओसी के लिए भटक रही हैं. बिना पैसे लिए एनओसी नहीं दिया जाता. मंत्री केदार कश्यप आश्वस्त किया कि किसी भी तरह की शिकायत एनओसी को लेकर नहीं आएगी. भाजपा विधायक राजेश मूणत के सवाल पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि पिछले सत्र में हमने कमेटी का गठन किए जाने की बात कही थी. सरकार ने कमेटी का गठन कर दिया है. कमेटी की दो बैठक हो चुकी है. कमेटी से जो आदर्श प्रारूप सामने आएगा, उसके तहत काम किया जाएगा. जल्द से जल्द हम प्रक्रिया ऑनलाइन करने जा रहे हैं. कहीं से कोई शिकायत नहीं आएगी. राजेश मूणत ने कहा कि मैं इस शहर में चालीस से ज़्यादा सोसाइटियों का नाम गिना सकता हूं, जहां यदि आम आदमी को जाना होता है, तो बगैर पैसे के एनओसी नहीं दी जाती है. जब राज्य से साय सरकार है, और हर काम सांय-सांय चल रहा है तो क्या इसे भी सांय-सांय किया जाएगा।



### बजट सत्र में गूंजा बिलासपुर जिले में मौतों का मामला, विपक्ष ने शराब से मौत का लगाया आरोप

बिलासपुर जिले के लोफंदी गांव में हुई मौतों का मामला बजट सत्र के दौरान शून्यकाल में उठा। नेता प्रतिपक्ष ने इसे जहरीली शराब से हुई मौत करार देते हुए सरकार से स्थगन लाकर चर्चा की मांग की। उन्होंने कहा कि इस घटना से ग्रामीणों में डर का माहौल है और सरकार को तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

गृह मंत्री विजय शर्मा ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इन मौतों को शराब से जोड़ना सही नहीं है। उन्होंने बताया कि मृतकों का पोस्टमार्टम कराया गया है, लेकिन अब तक मौतों का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। लोफंदी गांव में स्वाभाविक मौतें हुई हैं। मृतक कुम्भ लहरे की मौत लो ब्लड प्रेशर और अन्य बीमारियों के कारण हुई थी, वे मानसिक रूप से भी बीमार थे, गृह मंत्री ने सदन में बताया। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि स्थानीय पुलिस ने तीन मर्ग कायम किए हैं, लेकिन डॉक्टरों ने मौतों का स्पष्ट कारण नहीं दिया है। मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई है, जो विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी। सरकार की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि प्रदेश में अवैध शराब की बिक्री पर लगातार कार्रवाई हो रही है। यह कहना गलत है कि शराब दूध के पैकेट की तरह बेची जा रही है। आबकारी विभाग बाहर से आने वाली शराब पर भी कड़ी नजर रखे हुए है, गृह मंत्री ने कहा। इस मामले पर विपक्ष और सरकार के बीच सदन में तीखी बहस हुई। विपक्ष ने सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठाए, जबकि सरकार ने भरोसा दिलाया कि जांच के बाद सच्चाई सामने लाई जाएगी।

### पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को सदन ने दी श्रद्धांजलि

छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन आज पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन का उल्लेख किया गया. पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मुझे उनके साथ काम करने का लंबे समय तक अवसर मिला. मैं बतौर मुख्यमंत्री मनमोहन सिंह से लगातार मुलाकात करते रहते था. बेहद सकारात्मक सोच और आर्थिक उदारता को समर्पित थे. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने सार्वजनिक जीवन में कई महत्वपूर्ण जानकारियां निभाई. उन्होंने केंद्र सरकार में वित्त मंत्री तथा प्रधानमंत्री के पद को सुशोभित किया. मनमोहन सिंह ने देश को लाइसेंस शराब से मुक्ति दिलाई. उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य रहा कि संसद सदस्य रहते हुए उनसे बहुत कुछ सिखा. उन्होंने व्हीलचेयर पर बैठकर भी मतदान किया था. उन्होंने हमें सिखाया कि हमें लोककल्याण के प्रति समर्पित रहना चाहिए. उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरक रहेगा।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि यह एक बहुत कठिन समय है. आज जिस भाव को अध्यक्ष महोदय ने प्रकट किया है. मेरे संसदीय जीवन के 45 साल हो गए हैं. यह श्रद्धांजलि अपने आप में एक उदाहरण है कि हम भले ही हम अलग-अलग दल से हो, लेकिन उनकी भावना, निष्ठा को बहुत ही अच्छे तरीके से प्रकट किया. उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह भारत के निर्माण के साक्षी रहे हैं. उन्होंने भारत में आधार कार्ड लागू करने का निर्णय किया. इसका भले ही सभी ने विरोध किया, लेकिन आज पूरा देश हमें हमारे आधार से ही जनता है. उन्होंने कई ऐसी नीतियां बनाई, जिनकी आज हम सभी प्रशंसा करते हैं. सरलभाव और मृदुभाषी उनका स्वभाव है. उन्होंने सभी के कार्य को लगातार सराहा चाहे, वह किसी भी दल से हो. मैं उनके साथ राज्य मंत्री के रूप में कार्य करके खुद को काफी सौभाग्यशाली मानता हूं. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का जन्मस्थान पाकिस्तान में है, और उन्होंने विभाजन का दंश भी झेला. उन्होंने अपनी लगन से जो ऊंचाई छुई उसकी कोई मिसाल नहीं. आरबीआई के गवर्नर, वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने जो उदारीकरण की नीति अपनाई. कई सरकारी आई, पर उन्हें बदल नहीं पाई, एक वही दौर है जो उन्होंने कृषि के क्षेत्र में जो वृद्धि की उसमें किसानी की स्थिति में बड़ा सुधार हुआ. दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना की उन्होंने शुरुआत की।

### सीएम साय ने दिलाया भरोसा, कहा- नहीं बख्शे जाएंगे अपराधी

विधानसभा में दागदार राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों पर जांच और कार्रवाई का मामला उठा. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि कोई भी अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे. सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है. विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने सवाल किया कि राज्य प्रशासनिक सेवा के कितने अधिकारियों के खिलाफ किन-किन मामलों में और कब एसीबी और ईओडब्ल्यू में अपराध दर्ज है? विभागीय जाँच किन-किन के खिलाफ हो रहा है? कौशिक ने कुछ अधिकारियों का नाम लेते हुए कहा कि उन पर कार्रवाई सवाल लगाने के बाद हुआ है इसी से गंभीरता समझी जा सकती है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जवाब देते हुए कहा कि हमने सुशासन और अभिशरण विभाग का गठन किया गया है. मैं विश्वास दिलाता हूं कि कोई भी अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे. सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

### आप पार्टी की बढ़ेगी टेंशन!

## दिल्ली विधानसभा में सीएम रेखा गुप्ता ने पेश किया सीएजी रिपोर्ट



**नई दिल्ली, 25 फरवरी (न्यूज चैनल)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा सत्र में विवादास्पद उत्पाद शुल्क नीति पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट, जिसमें अब खत्म हो चुकी शराब नीति में कथित अनियमितताओं को उजागर किया गया था, सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के बीच तीखी बहस के बीच पेश की गई। दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि आप को झगड़ों के अलावा कुछ नहीं आता। डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और शहीद भगत सिंह की तस्वीरें कोई नहीं हटा सकता और न ही हमने हटाई हैं। वे सीएजी रिपोर्ट से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह का नाटक कर रहे हैं। दिल्ली के मंत्री आशीष सूद ने कहा कि कुछ लोग (आप नेता) संविधान का पालन करना पसंद नहीं करते। पिछले 12 साल से सदन असंवैधानिक तरीके से चल रहा है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को संविधान की अवहेलना का अधिकार नहीं है। एलजी के संबोधन के दौरान इस तरह का अशोभनीय व्यवहार बहुत गलत है। बीजेपी विधायक अरविंदर सिंह लवली ने आप पर निशाना साधते हुए कहा कि वे डरे हुए हैं और डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के पीछे छिपने की कोशिश कर रहे हैं। सीएजी रिपोर्ट पेश होने के बाद सच्चाई सामने आ जाएगी।

### आतिशी समेत विपक्ष के सभी विधायक पूरे दिन के लिए निलंबित

दिल्ली विधानसभा में उपराज्यपाल वीके सक्सेना अभिभाषण के दौरान आम आदमी पार्टी के विधायकों ने जमकर हंगामा किया। अभिभाषण शुरू होते ही आम आदमी पार्टी के विधायकों ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों के कार्यालय से भीमराव आंबेडकर की फोटो हटाने का विरोध करना शुरू कर दिया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने आम आदमी पार्टी के सभी विधायकों को पूरे दिन के लिए सदन से निष्कासित कर दिया। पूर्व मुख्यमंत्री और विधायक आतिशी को बाहर निकाला गया। उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण में हंगामे से बाधा पड़ गई। एलजी ने सदन में कहा कि राजस्व बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है। यमुना की सफाई और वायु प्रदूषण के लिए लघु मध्यम और दीर्घकालिक योजना लागू करेगी। दिल्ली को सबसे स्वच्छ शहर और स्वच्छता रैंकिंग में प्रथम लाने का प्रयास किया जाएगा। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास, सबका सम्मान मेरी सरकार की दिशा तय करेगी, मेरी सरकार लोगों की बढ़ती उम्मीदों और आकांक्षाओं के प्रति पूरी तरह सचेत है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### आज सीएम विष्णु देव साय बागेश्वर धाम में



**रायपुर, 25 फरवरी (हाईवे चैनल)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज मध्य प्रदेश के दौरे पर हैं. विधानसभा सत्र में शामिल होने के बाद वह दोपहर 1.30 बजे छतरपुर के लिए रवाना हो गए। दोपहर 3.30 बजे से शाम 5 बजे तक वह बागेश्वर धाम में रहेंगे और रायपुर लौटेंगे, जहां शाम 7 बजे मुख्यमंत्री निवास पहुंचेंगे।

### काशी विश्वनाथ मंदिर में 25 से 27 फरवरी तक वीआईपी दर्शन पर रोक

**नई दिल्ली, 25 फरवरी (न्यूज चैनल)।** काशी विश्वनाथ मंदिर में 25 से 27 फरवरी तक वीआईपी दर्शन की सुविधा पर रोक लगा दी गई है। यह निर्णय भारी भीड़ और शिवरात्रि के मौके पर तीर्थयात्रियों की अधिक संख्या को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इन दिनों काशी में तीर्थयात्रियों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हो रही है, विशेषकर महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं के कारण। मिली जानकारी के मुताबिक, अभी तक खास पर्वों और तिथियों पर ही श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में 5 से 6 लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए आते थे। लेकिन महाकुंभ के बाद से रोजाना करीब 7 लाख या उससे भी ज्यादा श्रद्धालु काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने पहुंच रहे हैं। विशेषकर 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ सकती है।




चूहा- कैदियों को जेल में ही कुंभ स्नान कराया जा रहा है।
चुहिया- हां जी, सीधे प्रयाग में ही करा देते तो उनका सारा पाप ही धुल जाता..।

### सांसद भोजराज के फॉलो वाहन की टक्कर से घायल एक और युवक की मौत, अब तक 3 लोगों की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश



**भानुप्रतापपुर, 25 फरवरी (हाईवे चैनल)।** कांकेर के भाजपा सांसद भोजराज नाग के काफिले के वाहन की टक्कर से घायल एक और युवक की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. अब तक इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई. तीनों एक ही गांव पोंडगांव के रहने वाले हैं. इस घटना के बाद गांव में आक्रोश देखा जा रहा है। यह हादसा सोमवार रात हुआ. भाजपा सांसद भोजराज नाग भानुप्रतापपुर से अंतागढ़ जा रहे थे, तभी अंतागढ़ थाना क्षेत्र के पोडगांव के पास कांकेर सांसद भोजराज नाग के फॉलो वाहन ने बाइक को टक्कर मारी थी. इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई थी. वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी. घायलों को अंतागढ़ अस्पताल लाया गया था. सांसद भोजराज नाग भी अस्पताल पहुंचे थे. इस हादसे में एक की घटना स्थल पर मौत हुई. वहीं इलाज के दौरान एक घायल की और जान चली गई. वहीं दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई थी. घायलों को अंतागढ़ अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान घायल एक और युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई. मृतकों के नाम गिरधारी समरथ, कुलेश्वर समरथ और तामेश्वर देहारी बताए गए हैं।

### सीडी कांड: रायपुर कोर्ट में भूपेश बघेल सहित पेश हुए सभी आरोपी, अगली सुनवाई 4 मार्च को



**रायपुर, 25 फरवरी (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के चर्चित कथित सेक्स सीडी कांड मामले की सुनवाई आज रायपुर कोर्ट में हुई. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कोर्ट पहुंचे और हाजिरी देने के बाद बघेल विधानसभा के लिए रवाना हुए. वहीं कांग्रेस सरकार में मीडिया सलाहकार रहे विनोद वर्मा कोर्ट, कैलाश मुरारका समेत अन्य आरोपी कोर्ट में पेश हुए. इस मामले की अगली सुनवाई अब 4 मार्च को होगी।

बता दें कि कोर्ट ने सीडी कांड मामले में सभी आरोपियों को समन जारी किया था. न्यायाधीश भूपेश कुमार बसंत के रायपुर कोर्ट में हाजरी देने के बाद भूपेश बघेल विधानसभा के लिए रवाना हो गए. वहीं विनोद वर्मा, कैलाश मुरारका समेत अन्य आरोपी कोर्ट में मौजूद रहे. बता दें कि इस केस के एक आरोपी रिंकू खनूजा की मौत हो चुकी है. बचाव पक्ष के वकील फैसल रिजवी ने बताया, कैलाश मुरारका सहित अन्य को कोर्ट में पेश किया गया. मामले में अब 4 मार्च को बहस होगी. सीबीआई ने बताया है कि 2017 बॉम्बे के मानस नाम ने ष्ष्ठ को जारी किया है. उससे पैसे का लेन-देन हुआ है।

## शौर्य पदक से सम्मानित सोमारू कड़ती गांवों की तस्वीर बदलने नौकरी छोड़कर लड़ा चुनाव



**दंतेवाड़ा, 25 फरवरी (हाईवे चैनल)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिणाम में दंतेवाड़ा जिले के घोर नक्सलवाद प्रभावित इलाके से बड़ा ही चौंका देने वाला परिणाम सामने आया है। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 08 से निर्दलीय प्रत्याशी सोमारू कड़ती ने सभी को हैरान कर दिया है। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों से समर्थित प्रत्याशियों को हराकर जिला पंचायत में 1100 से अधिक मतों से मात दी। वही सरपंच में 100 से अधिक वोटों से हराया है।

सोमारू कड़ती डीआरजी से एएसआई की नौकरी छोड़ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उतरे थे। उनकी इस जीत से संदेश साफ है कि अंदरूनी इलाके में लोग विकास की बाट जोह रहे हैं। नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य सोमारू कड़ती 2014 में छत्तीसगढ़ पुलिस में शामिल होकर डीआरजी में सेवाएं दे रहे थे और आउटऑफ टर्न प्रमोशन से डीआरजी में एएसआई पर पदोन्नत हुए थे। डीआरजी में सेवाएं देने के दौरान तत्कालीन कांग्रेस सरकार में सोमारू कड़ती को राज्य पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

मीडिया से चर्चा के दौरान सोमारू कड़ती ने कहा, क्षेत्र का विकास होना चाहिए। वह क्षेत्र के विकास के लिए नौकरी छोड़कर राजनीति में आए हैं। जनता ने भरोसा जताया है, उनसे किए वादे पूरे किए जाएंगे। इन वादों को पूरा करने के लिए प्रशासन के साथ भी चलेंगे और यदि कोई समस्या दिखती है तो मुखालफत भी पूरजोर होगा। उन्होंने कहा, नौकरी भी तहे दिल से की थी, अब सेवा के क्षेत्र में आया हूं तो भरोसे को कैसे तोड़ सकता हूं। जनता ने आशीर्वाद दिया है, उनके दिए आशीर्वाद का हमारा कर्तव्य है सम्मान करना। उनके साथ करीब आधा दर्जन से अधिक सरपंच और जनपद सदस्य मौजूद थे। सभी ने मां दतेश्वरी के दर्शन किए।

**एनएमडीसी को क्षेत्र का विकास पहले करना होगा**

आयरन हिल के आसपास का इलाका आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। जिस तरह से दंतेवाड़ा नगर का विकास हुआ है ठीक उसी तरह का विकास एनएमडीसी को करना होगा। सोमारू कड़ती ने कहा, किसी दल से कोई लेना देना नहीं है। सरकारें विकास कर रही होती तो नौकरी नहीं छोड़नी पड़ती। नौकरी छोड़कर आया हूं, आयरन हिल के इर्द-गिर्द की पंचायतों की तस्वीर बदलनी होगी। खनन यहां से होगा और पैसा दिल्ली तक जाएगा। यहां का विकास पहले एनएनडीसी को करना होगा।

**न सत्ता न विपक्ष, विकास में जो मेरे साथ होगा मैं उसका साथी: सोमारू**

नौकरी छोड़कर जनप्रतिनिधि बने सोमारू का कहना है कि जिस इलाके से वह आता है वह बेहद पिछड़ा हुआ है। मदाड़ी गांव का रहने वाला हूं। सरपंच पद के लिए भी दावेदार था। दोनों ही पदों पर जीत मिली है। अब न सत्ता की न विपक्ष की जरूरत है।क्षेत्र के विकास के लिए जो मेरे साथ है, मैं उसका साथी हूं। सिर्फ विकास चाहिए। नौकरी करने के दौरान तहे हृदय से काम किया। इसके लिए सरकार ने उसे शौर्य पदक से सम्मानित किया था। अब सेवा के क्षेत्र में आया हूं, यहां सिर्फ सेवा करनी है।